आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसंबर को लखनऊ में राष्ट्र नायकों को समर्पित 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' का करेंगे लोकार्पण। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों का जायजा लेकर आयोजन को भव्य बनाने के दिए निर्देश।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पीएसी के स्थापना दिवस समारोह का किया शुभारंभ : कहा– सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही सुशासन की गारंटी।
- पूर्व डीजीपी प्रशान्त कुमार उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के नए अध्यक्ष नियुक्त। शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को नई गति मिलने की उम्मीद।
- प्रदेश में बढ़ता जा रहा है ठंड और घने कोहरे का असर। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के दिए निर्देश।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसंबर को लखनऊ में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन और समारोह स्थल पर चल रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल प्रेरणा स्थल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आयोजन की भव्यता में किसी प्रकार की कमी न होने पाए। एक रिपोर्ट.

***आयोजन को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रुप दे रहा है। 65 एकड़ क्षेत्र में फैले इस राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण पर करीब 232 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इस परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 65–65 फीट ऊंची प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन महान विभूतियों के जीवन और विचारों को संजोने के लिए परिसर में एक संग्रहालय भी बनाया गया है। लखनऊ से मुमताज अली के साथ समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।***

**********

भारतीय रेल ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि बटेश्वर हॉल्ट स्टेशन को क्रॉसिंग स्टेशन का दर्जा दे दिया है। रेल मंत्रालय ने आगरा डिवीजन के बटेश्वर को डी–श्रेणी के हॉल्ट स्टेशन से बी–श्रेणी के क्रॉसिंग स्टेशन में बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में यूपी पीएसी के स्थापना दिवस समारोह–2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अट्हत्तर वर्ष से पीएसी बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग और समर्पण का रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज है। कानून का राज सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही सुशासन की गारंटी दे सकता है। उन्होंने कहा कि सुशासन की वजह से प्रदेश में निवेश आ रहा है और प्रदेश विकसित हो रहा है ।

**********

लोकसभा में कल से विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन–ग्रामीण विधेयक जी राम जी–2025 पर चर्चा शुरू हो गयी है। यह कानून बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह लेगा। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह विधेयक गांवों के विकास को सुनिश्चित करेगा। विधेयक के अंतर्गत हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक सौ पच्चीस दिनों की मजदूरी की कानूनी गारंटी का प्रस्ताव है। साथ ही फसलों के सीजन में कृषि कार्यों की सुरक्षा का भी प्रावधान है। योजना का प्रदेश के किसानों ने स्वागत किया है। जौनपुर के प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह ने इसके लिए केंद्र सरकार का धन्यवाद दिया।

***मैं मोदी सरकार के इस नए विधेयक का समर्थन करता हूं और इससे गरीबों को लाभ होगा। मनरेगा का नाम बदल के जी राम जी कर दिया गया है। उससे लाभ क्या है? पहले 100 दिन मनरेगा में मिलता था काम करने के लिए अब 125 दिन मिलेगा। इससे हमारे गांव का विकास भी होगा और गरीबों का लाभ भी होगा।,***

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही कल कानपुर नगर के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मक्का उत्पादन में वृद्धि गोष्ठी और कार्यशाला में शामिल हुए। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए श्री शाही ने कहा कि इस वर्ष मक्के के लिए 2400 रुपए एमएसपी निर्धारित की गई है। इससे किसानों को फायदा होगा ।

***इस साल मक्के की फसल के लिए 2400 प्रति क्विंटल एमएसपी निर्धारित है जो लगभग गेहूं के बराबर ही है तो मक्के के भीतर कम परिश्रम और कम पानी के भीतर यह फसल किसान को मिल सकती है और इसके द्वारा बहुत सारे उद्योग धंधे खड़े होने के नाते उनका रॉ मटेरियल होने के नाते जो है किसान को एक बेहतर आमदनी मार्केट रेट इसका बेहतर मिल सकता है।***

**********

प्रदेश सरकार ने राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक –डीजीपी प्रशांत कुमार को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। शिक्षा सेवा चयन आयोग में नये अध्यक्ष की नियुक्ति से शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को नई गति मिलने की उम्मीद है।

**********

इंन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू ने जनवरी दो हजार छब्बीस के सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी इग्नू की आधीकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन मोड में स्नातक और परास्नातक के तीन सौ पचास से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए अंतिम तीथि इकतीस जनवरी निर्धारित की गयी है।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड ने इण्टरमीडियट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तारीखें घोषित कर दी हैं। प्रयागराज में यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि दो चरणों में 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। पहला चरण 24 जनवरी से 1 फरवरी तक होगा, इसमें 10 मंडलों आगरा, सहारनपुर, बरेली ,लखनऊ, बस्ती, देवी पाटन, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, और आजमगढ़ में प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। वहीं दूसरे चरण में 2 से 9 फरवरी तक प्रयोगात्मक परीक्षायें 8 मंडलों में होंगी।

**********

प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आधुनिक शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर देने के लिए राज्य सरकार की तरफ से पहले चरण में प्रदेश की ग्यारह हजार तीन सौ पचास ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जायेगी। योजना के तहत राजधानी लखनऊ समेत पैंतीस जिलों में पुस्तकों का चयन पूरा कर लिया गया है। पंचायती राज मंत्री ओ.पी. राजभर ने कहा कि "डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना से ग्रामीण युवाओं को अपने गांव में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिलेगा।

**********

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने कल अयोध्या में अयोध्या, देवी पाटन और प्रयागराज मंडल की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में तीनों मंडलों के स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि 13 से 15 दिसंबर के बीच तीनों मंडलों में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए सपोर्टिव सुपरविजन के तहत विशेष टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों के जांच के आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने की कार्रवाई की जाएगी।

***तीनों मंडलों में जो काम हुआ है और जो काम हो रहा है, उसमें सुधार की गुंजाइश लगभग 700 से ज्यादा बिंदुओं पर हमने चेकिंग कराई है। इसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर भी है। हमारे सब सेंटर भी है। पीएचसी भी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी है। जिला अस्पताल भी है और जो विशेष अस्पताल है वह भी है।***

**********

प्रदेश भर में ठंड और घने कोहरे का असर बढ़ता जा रहा है। आज सुबह भी राज्य के कई जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। शीतलहर और घने कोहरे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को प्रदेश भर में अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। एक रिपोर्ट...

***मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनजीवन, यातायात और निराश्रितों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एक्सप्रेस–वे पर पेट्रोलिंग बढ़ाने, ब्लैक स्पॉट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, टीमें तैनात करने, क्रेन और एम्बुलेंस को 24 घंटे, सातो दिन उपलब्ध रखने तथा टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर से चालकों को कोहरे की चेतावनी देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खराब विजिबिलिटी में यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और ओवरस्पीडिंग पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी निर्देश दिए कि निराश्रितों को रैन–बसेरों तक पहुंचाया जाए। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में कल रात खेले जाने वाले भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथे टी–ट्वेंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच को घने कोहरे के कारण रद्द कर दिया गया। दोनो टीमों के बीच पांचवां और आखिरी मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में होगा।

**********